<u>समाचार</u>

<u>मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना</u>

अब तक 25467 व्यक्तियों की हुई मुफ्त जांच एवं इलाज

(499 शिविर हुए आयोजित, लोगों द्वारा योजना की मुक्त कंठ से की जा रही सराहना)

कोरबा 10 फरवरी 2021 –छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में अब तक 499 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं तथा 25467 व्यक्तियों को उनकी विभिन्न बीमारियों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज किया जा चुका है, वहीं इस योजना से लाभान्वित हो रहे हितग्राही योजना की मुक्त कंठ से सराहना कर रहे हैं तथा योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत शहरी स्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनकी बस्ती, घर एवं दरवाजे में पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य संबंधी सलाह, उनकी विभिन्न बीमारियों की जांच एवं निःशुल्क इलाज के साथ–साथ दवाईयां उपलब्ध कराने हेतु वार्ड एवं बस्तियों में मोबाईल मेडिकल यूनिट पहुंच रही हैं। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी इस महती योजना का सफल क्रियान्वयन निरंतर जारी है। 06 नवम्बर 2020 को निगम क्षेत्र में इस योजना के तहत पहली मोबाईल मेडिकल यूनिट ने अपना कार्य प्रारंभ किया था, निगम क्षेत्र में अब तक विभिन्न मोबाईल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से स्लम क्षेत्रों में 499 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, इन शिविरों के माध्यम से अब तक 25467 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनकी विभिन्न बीमारियों का निःशुल्क इलाज करते हुए उन्हें दवाईयां उपलब्ध कराई गई है। योजना के तहत डॉक्टर, नर्स तथा अन्य मेडिकल स्टाफ व दवाईयों के साथ मोबाईल मेडिकल यूनिटें स्लम क्षेत्रों में पहुंच रही है तथा वहां के निवासियों की निःशुल्क जांच व उनका इलाज कर रही है। इन शिविरों में पहुंचकर जांच व इलाज कराने वाले हितग्राहियों द्वारा योजना की मुक्त कंठ से सराहना की जा रही है तथा वे गरीब निर्धन श्रमिक वर्ग के लिए बनाई गई इस योजना के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं।

11 फरवरी को इन वार्डो में पहुंचेगी मेडिकल यूनिट–मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत 11 फरवरी 2021 को वार्ड क्र. 31 खरमोरा आंगनबाड़ी बजरंग चौक, वार्ड क्र. 39 कैलाशनगर आजाद नगर बस्ती स्थित स्टेज के पास तथा वार्ड क्र. 65 बांकी नम्बर–1 सामुदायिक भवन कुदरीपारा में मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो समान के साथ पहुंचकर कैम्प लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं उनकी बीमारियों का निःशुल्क करते हुए दवाईयां उपलब्ध कराएगी।

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)